# राष्ट्रीय उर्दू भाषा प्रचार परिषद

(शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित एक स्वायत्त निकाय) एफसी-33/9, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जसोला, नई दिल्ली -110025

## <u>निदेशक पद हेतु विज्ञापन</u>

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा पूरी तरह से वित पोषित एक स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय उर्दू भाषा प्रचार परिषद (एनसीपीयूएल), नई दिल्ली में निदेशक के पद के लिए एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशित निर्धारित प्रोफार्मा में नीचे उल्लिखित योग्यता और अनुभव रखने वाले व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र http://education.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**वेतनमान:** वेतन स्तर 13

**<u>योग्यता:</u>**

**अनिवार्य:**

(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में फ़ारसी के साथ न्यूनतम 55% अंकों के साथ उर्दू भाषा/भाषाई/साहित्य में मास्टर डिग्री।

(2) उर्दू में अनुसंधान/लेखन कार्य, जो प्रकाशित कार्य से प्रमाणित हो (प्रमाण प्रस्तुत किया जाना है)।

**वांछनीय:**

(1) उर्दू या भाषाविज्ञान में पीएचडी (2) उर्दू के अलावा एक या अधिक भारतीय भाषाओं का अच्छा ज्ञान (3) कोशलेखन के आधुनिक सिद्धांतों और तकनीकों का ज्ञान।

**प्रशासनिक अनुभव:**

**प्रतिनियुक्ति पर भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए**

(क) <u>गैर-पीएचडी उम्मीदवारों के लिए:</u> समूह 'ए' स्तर के पद पर दस (10) वर्ष या वेतन स्तर 12 पद पर पांच (5) वर्ष।

(ख) <u>पीएचडी उम्मीदवारों के लिए:</u> समूह 'ए' स्तर के पद पर पांच (5) वर्ष।

**अनुबंध के आधार पर भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए**

ऊपर बताए अनुसार अनुभव और तुलनीय परिलब्धियाँ प्राप्त करने वाले।

**व्याख्या** "प्रशासनिक अनुभव" का अर्थ किसी शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख के रूप में अनुभव (किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में विभाग के प्रमुख सहित) है या किसी सरकार, स्थानीय निकाय या स्वायत्त संगठन में प्रशासनिक क्षमता में अनुभव, अधिमानतः शिक्षा/भाषाओं के क्षेत्र का अनुभव।

**भर्ती का तरीका**

केंद्र/राज्य सरकार /विश्वविद्यालय/स्वायत्ता निकायों के अंतर्गत समान पद धारण करने वाले या वेतन स्तर 12 में पांच (5) वर्ष की सेवा वाले या वेतन स्तर 13 में काम करने वाले अधिकारियों में से स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा।

**कार्यकाल**

तीन (3) वर्ष से अधिक नहीं. कार्यकाल को केंद्र सरकार के विवेक पर अधिकतम पांच (5) वर्ष तक या पदधारक को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए निर्धारित सेवानिवृत्ति प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, तक बढ़ाया जा सकता है।

**आयु सीमा**

जिस वर्ष रिक्ति विज्ञापित की जाती है, उस वर्ष की पहली जनवरी को 57 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**अंतिम तिथि**

सभी दृष्टि से पूर्ण और संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज/विभाग इत्यादि द्वारा उचित माध्यम से अग्रेषित विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में उक्त पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से तीस (30) दिनों के भीतर श्रीमती सुमन दीक्षित, उपसचिव(भाषा), उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, कमरा नं. 525, सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 के पास पहुंच जाना चाहिए।

(सुमन दीक्षित)
उप सचिव भारत सरकार के
टेली नं.23070446
ईमेल आईडी: s.dixit23@nic.in

**नोट**:- जो अभ्यर्थी केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त शासी निकायों/संघ राज्यक्षेत्रों अथवा अन्य शासकीय निकायों में सेवारत हैं, उन्हें अपना आवेदन पत्र के साथ उचित माध्यम से निष्ठा प्रमाण-पत्र, मेजर/माइनर पेनल्टी एवं सतर्कता मंजूरी सर्टिफिकेट भेजा जाना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पिछले पांच (5) वर्षों के ए.सी.आर. भी भेजना आवश्यक है।

आवेदन के लिए प्रपत्र

## राष्ट्रीय उर्दू भाषा प्रचार परिषद (एनसीपीयूएल) नई दिल्ली में निदेशक के पद के लिए आवेदन

1. नाम एवं पता (बड़े अक्षरों में).........................................................

2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में) ....................................

3. केंद्र/राज्य सरकार के नियमानुसार सेवानिवृत्ति की तिथि

फोटो

..........................................................................................

4. शैक्षणिक अर्हताएं

...............................................................................................................

...............................................................................................................

...............................................................................................................

5. क्या इस पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूरी हैं। (यदि कोई ऐसी अर्हता, जो नियम में उल्लिखित अर्हता के समकक्ष हो, इसके लिए कृपया उस प्राधिकार का उल्लेख करें)

| | | अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं/अनुभव |
|---|---|---|---|
| अनिवार्य | (1) | | |
| | (2) | | |
| | (3) | | |
| वांछनीय | (1) | | |
| | (2) | | |
| | (3) | | |

6. कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि आपके द्वारा प्रस्तुत प्रविष्टियों को देखते हुए क्या आप ........................................ पद के लिए अपेक्षित योग्यताएं पूरी करते हैं।

7. नियुक्ति का कालक्रमानुसार विवरण। विवरण के लिए स्वतः प्रमाणित पत्रक (शीट) अलग से संलग्न करें।

| कार्यालय / संस्था | धारित पद | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कार्य की प्रकृति (विस्तारपूर्वक) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति यथा–तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा अर्धस्थाई या स्थाई :

9. वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर होने की स्थिति में उल्लेख करें :

क) प्रथम नियुक्ति की तिथि :

ख) प्रतिनियुक्ति / संविदा पर नियुक्ति की अवधि :

ग) मूल कार्यालय / संगठन का नाम जिससे आप सम्बद्ध हैं :

10. वर्तमान नियुक्ति के संबंध में अतिरिक्त सूचना, निम्नलिखित में से किसके अधीन आप कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम के समक्ष अपने नियोक्ता के नाम का उल्लेख करें) :

केन्द्र सरकार :

| | | |
|---|---|---|
| | राज्य सरकार | : |
| | स्वायत्त संगठन | : |
| | सरकारी उपक्रम | : |
| | विश्वविद्यालय | : |
| | अन्य | : |
| 11. | कृपया उल्लेख करें कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं? | : |
| 12. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हॉ, तो संशोधित वेतनमान मिलने की तिथि का उल्लेख करें और पूर्व संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें | : |
| 13. | वर्तमान में प्रतिमाह प्राप्त होने वाली कुल परिलब्धियों | : |
| 14. | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के संदर्भ में आप उल्लेख करना चाहते हैं। (अन्य बातों के साथ–साथ ये सूचनाऍं दी जा सकती हैं – (i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं, (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं (iii) रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन में निर्धारित अनुभव के अलावा कार्य अनुभव (टिप्पणी : स्थान पर्याप्त न होने पर अलग से पत्रक (शीट) संलग्न करें) | : |

15. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं :

16. टिप्पणी (अभ्यर्थी द्वारा सूचनाएँ दी जा सकती हैं– (i) शोध प्रकाशन तथा रिपोर्टें एवं विशिष्ट परियोजनाएँ, (ii) अवार्ड/छात्रवृत्ति/कार्यालयी सराहना (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसाइटियों से सम्बद्धता, और (iv) कोई अन्य सूचना (टिप्पणी : स्थान पर्याप्त न होने पर अलग से पत्रक (शीट) संलग्न करें) :

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया है और मैं यह भली भाँति जानता/जानती हूँ कि इस पद के लिए चयन के समय मेरे द्वारा प्रस्तुत विधिवत् रूप से प्रमाणों से पुष्ट व्यक्तिगत विवरण का चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता ..............................

..................................

..................................

दिनांक : ............................

## <u>नियोक्ता द्वारा अग्रेषित नोट</u>

प्रमाणित किया जाता है कि:

1) उपरोक्त प्रोफार्मा में दी गई जानकारी आवेदक के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार सही है।
2) आवेदक सतर्कता दृष्टिकोण से स्पष्ट है।
3) आवेदक की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है.
4) पिछले दस (10) वर्षों के दौरान आवेदक पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है
5) आवेदक के कैडर नियंत्रण प्राधिकारी ने उसे पद के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाने के लिए मंजूरी दे दी है।
6) इस आवेदन को अग्रेषित करते समय आवेदक की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट की पिछले पांच (5) वर्षों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न की गई हैं।.

नियोक्ता की ओर से अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित

____________________

____________________

(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की मुहर)

स्थान: __________

दिनांक: __________